आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 8(विविध)अकाद/आकाशि/परीक्षाअवकाश/2015–16/ 984 दिनांकः 20 नवम्बर, 2019

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
(अजमेर जिला मुख्यालय)

विषयः आयोग द्वारा दिनांक 25.11.2019 को आयोजित खाद्य सुरक्षा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं विभाग) सवींक्षा परीक्षा 2019 हेतु महाविद्यालयों में शैक्षणिक अवकाश घोषित किये जाने बाबत।

संदर्भः एफ 6(10)प.आ.'ख'/खा.सु.अधि../2019–20/206 दिनांक 14.11.2019

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सदंर्भित पत्र के क्रम में निर्देशानुसार लेख है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा दिनांक 25.11.2019 को खाद्य सुरक्षा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं विभाग) सवींक्षा परीक्षा 2019 अजमेर जिला मुख्यालय पर आयोजित कराई जा रही है

अतः निर्देशित किया जाता है कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं विभाग) सवींक्षा परीक्षा 2019 के आयोजन हेतु अजमेर जिला मुख्यालय में स्थित जिन महाविद्यालयों में परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया जाता है तो संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्य इस परीक्षा को कराने में सहयोग प्रदान करेंगे। दिनांक 25.11.2019 को कार्य दिवस होने से परीक्षा कार्य को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने हेतु शैक्षणिक कार्य स्थगित रहेगा, परन्तु कार्यालय खुले रहेंगे व प्रशासनिक कार्य यथावत रूप से जारी रहेगा। महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक/अशैक्षणिक कर्मचारी भी उक्त दिवस में महाविद्यालय में उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्य दिवस में हुए शैक्षणिक कार्य के व्यवधान को प्राचार्य अतिरिक्त कक्षाएँ लगवाकर पूर्ति करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

संयुक्त निदेशक (अकादमिक)
कॉलेज शिक्षा, राज.,जयपुर

क्रमांकः एफ 8(विविध)अकाद/आकाशि/परीक्षाअवकाश/2015–16/ 984 दिनांकः 20 नवम्बर, 2019

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. संयुक्त सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर–305026 को उनके पत्र क्रमांक एफ 6(10)प.आ. 'ख'/खा.सु.अधि../2019–20/206 दिनांक 14.11.2019 के संदर्भ में।
3. वेब प्रभारी, आयुक्तालय। कृपया आयुक्तालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का श्रम करें।

संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

20-11-19